जिले में सिंचाई के रकबे में काफी वृद्धि हुई : पटेल

बांदकपुर में किसान मिलन व सम्मान समारोह

नवभारत,दमोह. आधुनिक खेती, सरकारी योजनाओं और तकनीकी सहायता केंद्र और राज्य सरकार की किसान सम्मान निधि सहित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से किसानों के जीवन में सकारात्मक और महत्वपूर्ण बदलाव आया है। इसमें सबसे बड़ा योगदान सरकार की सिंचाई योजनाओं का भी है सिंचाई का रकबा प्रदेश में तेजी से बढ़ा है। इस आशय के विचार प्रदेश के पशुपालन, डेयरी विभाग के राज्यमंत्री लखन पटेल ने बांदकपुर स्थित रूद्र मैदान में किसानों के हित में 'किसान मिलन एवं सम्मान समारोह' में व्यक्त किये।

इस अवसर पर पूर्व वित्त मंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमा देवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, नरेंद्र व्यास, शिवचरण पटेल, मनीषा तिवारी, सिद्धार्थ मलैया, सत्येंद्र सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। राज्यमंत्री श्री पटैल ने कहा जिले में भी सिंचाई के रकबे में काफी बढ़ा है, जिले में कभी मूंग गर्मी में हुआ नहीं करती थी, हम कल्पना भी नहीं कर सकते थे कि जिले में गर्मी में मूंग पैदावार होगी। जिले में 14000 किसानों ने मूंग का पंजीयन कराया था फसल भी भरपूर हुई। नई तकनीक को जाने समझे और समझकर खेती करें, नई तकनीकी नई योजनाएं नई किस्म के बीजों सभी का योगदान खेती को बेहतर से बेहतर करने में रहा है।उन्होंने कहा एक जगह पर यहां सारे कंपनियों के उपकरणों का प्रदर्शन हुआ है, किसान भाई उन्नत उपकरणों से लाभान्वित होंगे, इसके बारे में जानेंगे और उसका उपयोग करेंगे। राज्य मंत्री लखन पटेल ने दुग्ध उत्पादन योजना के संबंध में कहा हम इस कार्य को बेहतर से बेहतर तरीके से करें, निश्चित ही आपके लिए बहुत ही लाभदायक होगा। इस व्यवसाय को नई सोच नए तरीके से करें, यह आपको खेती के बराबर लाभ देने वाला बन सकता है।इस अवसर पर सिद्धार्थ मलैया, सतेन्द्र सिंह और राजकुमार जैन ने भी किसानों को सम्बोधित किया। समारोह के दौरान कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत बीज, यंत्रीकरण और वैज्ञानिक तरीकों से खेती को अधिक लाभकारी बनाने की जानकारी दी। साथ ही केंद्र व राज्य शासन की कृषि व पशुपालन योजनाओं, अनुदान, सब्सिडी और बीमा से जुड़ी प्रक्रियाओं पर भी विस्तार से मार्गदर्शन किया गया। राज्य मंत्री श्री पटेल ने उपस्थित सभी किसानों को नए वर्ष की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में दमोह जिले के विभिन्न विकासखंडों और ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

इस अवसर पर जिले भर से आए प्रगतिशील किसानों को मंच से सम्मानित किया गया। आयोजन का उद्देश्य किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ना, आपसी संवाद को मजबूत करना और उनके कार्यों का उत्साहवर्धन करना रहा।

समारोह में विशेष सर्विस कैंप लगाया गया

कार्यक्रम का आयोजन सन्मति कृषि यंत्रालय जबलपुर नाका दमोह के संचालक राजकुमार जैन के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम स्थल पर कोबोटा कंपनी द्वारा विशेष सर्विस कैंप लगाया गया, जिसमें किसानों को ट्रैक्टर व अन्य कृषि यंत्रों की सर्विस, रखरखाव और तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही आधुनिक कृषि यंत्रों की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई, जिसे देखने के लिए किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विपिन चौबे ने किया।एसडीओपी प्रिया सिंधी, तहसीलदार प्रीतम सिंह, राजू कमल ठाकुर, चटन पटेल, बृजेश सिंह, महेश पटेल, अखिलेश तिवारी, थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय, चौकी प्रभारी राजेंद्र मिश्रा सहित अन्य अधिकारी सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

हत्या के बाद परिजनों ने किया 2 घंटे दमोह-छतरपुर मार्ग जाम

मृतक के परिवार वालों के कहे अनुसार 6 लोगों पर कार्रवाई



नवभारत,बटियागढ़। बटियागढ ब्लाक अंतर्गत ग्राम मगोला में दिनांक 20 दिसंबर को शाम`5 बजे लोधी समाज और विश्वकर्मा समाज में झगड़ा हो गया जिससे लोधी समाज के 38 वर्षीय देवसीग लोधी की बटियागढ सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद मृत्यु हो गई.

जिसके बाद मृतक परिवार की और से पुलिस पर सही कार्यवाही ना करने का आरोप लगाया जा रहा था घटना होने के बाद 18 घंटे बीत चुके थे तब तक पुलिस द्वारा मृतक परिवार के कहें अनुसार कार्यवाही नहीं की जिसके बाद मृतक परिवार बटियागढ बाईपास दमोह छतरपुर मार्ग पर चक्का जाम कर दिया तब पथरिया एसडीओ प्रिया सिन्धी द्वारा परिजनों के पास पहुंचकर 06 लोगों पर कार्यवाही करने की बात कही। उसके बाद 02 घंटे से अधिक देर बाद यातायात पुन: चालू हुआ हत्या करने वाले आरोपियों के नाम श्रीराम विश्वकर्मा, गुंडई विश्वकमा, बंदी विश्वकर्मा, दीपक विश्वकर्मा, प्रीति विश्वकर्मा, नन्नू विश्वकर्मा सहित पर 302- 103 के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना में जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 13 केरवना के राव बृजेन्द्र सिंह भी मृतक परिवार वालों के साथ रहें।

> पुलिस प्रशासन को उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए पुलिस द्वारा बताया गया कि कुछ पुरानी रंजिश थी और कुछ विवाद मोबाइल पर बात करने को लेकर हुआं था जिसके चलते विश्वकर्मा परिवार द्वारा 38 वर्षीय देवसीग लोधी की चाकू मारकर हत्या कर दी।

सनातन की रक्षा करना हमारा परम कर्तव्य

अपने धर्म,राष्ट्र और मानवता की रक्षा करे : पूजा शुक्ला

नवभारत,पथरिया । दमोह जिले के पथरिया ब्लॉक न अंतर्गत ग्राम नरसिंहगढ़ में दो दिवसीय 24 घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ भव्य रूप से संपन्न हुआ। आयोजन का शुभारंभ 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे किया गया तथा इसका समापन 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे नरसिंहगढ़ स्थित राम मंदिर परिसर में हुआ। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से ओतप्रोत रहा और 24 घंटे निरंतर मां भगवती का गुणगान चलता रहा।

समापन अवसर पर पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम से पधारकर भगवती मानव कल्याण संगठन की केंद्रीय अध्यक्ष, सिद्धाश्रम रत्न शक्ति स्वरूपा बहन पूजा शुक्ला दीदी जी का शुभ आगमन हुआ। इस अवसर पर उन्होंने पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह अपने धर्म,राष्ट्र और मानवता की रक्षा करे।

उन्होंने कहा कि मानवता की सेवा केवल दिखावा नहीं, बल्कि मानव मूल्यों की स्थापना है। यदि हम सनातनी हैं तो अपने धर्म का दृढ़ता से पालन करना हमारा दायित्व है। हमें अपने बच्चों को संस्कारवान बनाना होगा, ताकि वे धर्म के मार्ग से कभी भटक न सकें।

उन्होंने आगामी 22 एवं 23 जनवरी 2026 को पंचज्योति शक्तितीर्थ सिद्धाश्रम धाम में आयोजित होने वाले दो दिवसीय योग साधना शक्ति चेतना जनजागरण शिविर में सभी को सपरिवार आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि एक बार सिद्धाश्रम धाम पहुँचकर गुरुवर श्री जी द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों का लाभ लें,जिससे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन निश्चित है।

इस आयोजन में हजारों की संख्या में मां के भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पथरिया विधायक पुत्र लकी पटेल,भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए।

विधायक पेंटिग प्रतियोगिता का आयोजन

नवभारत,दमोह। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में चल रही विधायक पेंटिंग प्रतियोगिता जिसमें अतिथियों ने मां सरस्वती माता के चरणों में पुष्प अर्पित किए, कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती माता कि वंदना से हुआ जिसमें मुख्य अतिथि सिद्धार्थ मलैया,अध्यक्षा आरपी पटेल प्राचार्य उत्कृष्ट विद्यालय व विशिष्ट अतिथि राजेंद्र सिंह लोधी मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहे। जिसमें सिद्धार्थ मलैया ने कहा कि शहर में शासकीय खाली पड़ी दीवारों में चित्र भर जाने से दीवारो की सुंदरता बढ़ जाएगी अपना दमोह स्वच्छ और सुन्दर लगने लगेगा व छात्र छात्राओं को अपनी कला दिखाने का एक नया अवसर प्राप्त होगा।

उप चुनाव, पेपरलेस इलेक्शन बेहद खास है : सारिका

कुम्हारी पेपरलेस इलेक्शन- एकमात्र जिला जिसका हुआ सिलेक्शन

कुम्हारी। पेपरलेस इलेक्शन- एकमात्र जिला जिसका हुआ सिलेक्शन पेपरलेस इलेक्शन मे बन रहा रिकार्ड हमारा है -ब्रांड एम्बेसेडर सारिका निर्वाचन आयोग सचिव श्री दीपक सिंह तथा कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में सारिका का जागरूकता कार्यक्रम पंचायत उप निर्वाचन 2025 (उत्तरार्द्ध) के लिये जिला पंचायत दमोह सदस्य के रिक्त वार्ड क्रमांक 1 कुम्हारी के 77 मतदान केन्द्रों पर इंटीग्रेट पोलिंग बूथ मैनेजमेंट सिस्टम या पेपर लेस प्रक्रिया से निर्वाचन कराये जा रहे है। इस बारे में आमलोगों को जागरूक करने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की ब्रांड एम्बेसेडर सारिका घारू दमोह पहुंची ।

सारिका ने बताया कि आयोग के सचिव श्री दीपक सिंह तथा कलेक्टर श्री सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में जागरूकता गतिविधियां कर रही हैं । सारिका घारू द्वारा तैयार गतिविधियों के माध्?यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है ।कुम्हारी क्षेत्र मतदान केन्द्र में सारिका ने मतदाताओं को बताया कि दमोह प्रदेश का एकमात्र जिला है जिसका मध्?यप्रदेश राज्?य निर्वाचन आयोग द्वारा पेपेरलेस इलेक्?शन के नवाचार के लिये दोबार सिलेक्शन किया गया है । सारिका ने बताया कि पेपरलेस बूथ में डिजिटल टूल्स अपनाने से स्थानीय निर्वाचन प्रक्रिया सरल होगी। सभी डॉक्यूमेंटेशन डिजिटल होंगे तथा मानवीय भूल की संभावना भी कम होगी। डिजिटल टूल्स का उपयोग होने से चुनाव में लगने वाले अमले की संख्या में कमी आएगी तथा चुनाव खर्च भी कम होंगे। इसमें निर्वाचन तो ईवीएम से ही होगा लेकिन कागजी कार्यवाही डिजिटल टूल्?स की मदद से की जायेगी । इससे जहां श्रम कम लगेगा वहीं एक्यूरेसी और इफिसियेंसी में सुधार होगा इस अवसर पर मतदाताओं ने उत्साह के साथ नारा दिया कि डिजिटल दमोह का नारा है।

कुम्हारी में सेक्टर बैठक में ग्राम विकास को लेकर बनी कार्ययोजना

नवभारत,कुम्हारी/दमोह. मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के निर्देशन में कार्यरत संस्था केशव मिलन समग्र कल्याण समिति द्वारा कुम्हारी में सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ग्राम कुलुआ प्रस्फुटन समिति, कुम्हारी समिति, मझौली समिति, पटना कुम्हारी समिति व पटेरिया समिति के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड समन्वयक हरिश पांडे उपस्थित रहे। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष रामसागर तिवारी व प्रस्फुटन समिति के अध्यक्षदूसचिवों द्वारा आगामी बैठकों की रूपरेखा एवं ग्राम स्तर पर कार्ययोजना निर्माण पर चर्चा ।

एक नजर में

भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की

नवभारत,पथरिया/दमोह . पथरिया पार्टी कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और विकास की गति को देखकर पथरिया के लोकप्रिय विधायक और मप्र सरकार में मंत्री लखन पटेल के समक्ष कांग्रेस नेता पूर्व पार्षद सोमनाथ कुशवाहा के साथ बद्री कुशवाहा केवलारी युवा ब्लॉक अध्यक्ष कुशवाहा समाज बालकिशन कुशवाहा ने सदस्यता ग्रहण की पूर्व में 7न .से पार्षद हेमराज लडिया, 5 न .से पार्षद प्रभु अहिरवार पहले ही सदस्यता ले चुके है।इस अवसर पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता सुकई दाऊ, मंडल अध्यक्ष रमेश कुशवाहा, पूर्व सांसद प्रतिनिधि ब्रजेश पटेल, मूलचंद कुशवाहा, नरेंद्र सराफयोगेश चौधरी देवेंद्र बाकडा प्रीतम पटेल विशाल पटेल झब्बू सिंह टीकाराम पटेल सुनील अहिरवार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही .

तनावमुक्ति व ध्यान कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत,दमोह . दिनांक 19 दिसंबर को रक्षित केंद्र दमोह के परेड ग्राउंड में प्रात: 9 :00 बजे से 10 :00 बजे तक हार्टफूलनेस ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया . पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में एएसपी सुजीत सिंह, सीएसपी एचआर पांडे,टीआई यातायात दलबीर सिंह, अमित गौतम, रचना मिश्रा, सूबेदार अभिनव साहू सहित कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी/कर्मचारी, पुलिस परिवार के सदस्य व अन्य गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की .कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक शांति,आत्म संतुलन व सकारात्मक ऊर्जा का विकास करना रहा . प्रतिभागियों ने ध्यान के माध्यम से तनावमुक्त व अनुशासित जीवनशैली अपनाने का संदेश प्राप्त किया .

बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने प्रशिक्षण

नवभारत,दमोह . पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर श्रुतकीर्ति सोमवंशी पुलिस अधीक्षक दमोह के पर्यवेक्षण व नोडल अधिकारी सुजीत सिंह भदौरिया (अपुअ दमोह) के मार्गदर्शन में रक्षित केंद्र दमोह में चलाए जा रहे सृजन अभियान के 7 दिन पूर्ण हुए। अभियान में किशन तलैया व कैदो की तलैया बस्ती के वंचित बच्चों को मुख्य धारा से जोड़ने हेतु टीओटी अधिकारी उनि सतीश राठौड़ व सूबेदार अभिनय साहू द्वारा शारीरिक प्रशिक्षण तथा अपुअ, थाना प्रभारियों व अन्य पुलिस अधिकारियों द्वारा इनडोर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

राज्यमंत्री पटेल ने बटियागढ़ विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जांगुपुरा का किया भ्रमण

दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का निरीक्षण किया

नवभारत,दमोह। पशुपालन व डेयरी विभाग राज्यमंत्री लखन पटेल द्वारा बटियागढ़ विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम जांगुपुरा का भ्रमण किया गया। उन्होंने दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के द्वितीय चरण का निरीक्षण किया।इस अवसर पर राज्यमंत्री श्री पटेल ने पशुपालक हरगोविंद आदिवासी व भगत सिंह आदिवासी के निवास पर पहुँचकर अभियान के अंतर्गत दी जा रही जानकारी के संबंध में पशुपालकों से चर्चा की। उन्होंने दूध उत्पादन के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किसानों से सेक्स सॉर्टेड सीमन के माध्यम से पशुओं का गर्भाधान कराने का आग्रह किया,जिससे नस्ल उन्नयन व दुग्ध उत्पादन में वृद्धि हो सके। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 2025 तक दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का द्वितीय चरण संचालित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पशुपालकों को कृत्रिम गर्भाधान, संतुलित पशु आहार व टीकाकरण के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

नि :शुक्ल स्वास्थ्य जांच शिविर

नवभारत,दमोह . शहर के असाटी समाज संस्कार भवन में लायंस क्लब दमोह दमयंती व आशा हॉस्पिटल (कामठी) नागपुर के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया .शिविर में नागपुर से आए चिकित्सक डॉ पद्मभूषण असाटी के नेतृत्व में असाटी समाज सहित अन्य समाज के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिया जा रहा है .इस अवसर पर डॉ . अनीश काम्बले, डॉ .दीपक, लायंस क्लब अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, सुधीर असाटी,पूर्व अध्यक्ष/ला .कोषाध्यक्ष आलोक असाटी, अधीर पांडे, ब्रजेंद्र राठौर, शशिकांत असाटी, तहसीलदार दिनेश असाटी (पड़या), सेवाराम असाटी, राजू राजकुमार असाटी, मुकेश असाटी (पूर्व व्यवस्थापक),श्रीमती शोभा असाटी, डालचंद असाटी, महेंद्र असाटी, भवानी प्रसाद असाटी, कलू नीतेश व टीम,नवयुवक मंडल असाटी समाज दमोह के युवा अध्यक्ष विनय असाटी (पत्रकार),अमन असाटी, उपाध्यक्ष विवेक असाटी अप्सरा, सोनू सौरभ असाटी, मेहुल असाटी तथा महिला मंडल से नेहा असाटी व उनकी टीम उपस्थित रही .

बिलाई में युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

नवभारत,दमोह। 24 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली . बता दे कि 24 वर्षीय युवती को इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल लाया गया था, जहां इलाज के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया . प्राप्त जानकारी के अनुसार बिलाई चौकी प्रभारी मलखान सिंह ने बताया कि मृतिका जानकी अहिरवार पिता दुर्जन अहिरवार उम्र 24 वर्ष ग्राम चौरा चौकी बिलाई, थाना हिंडोरिया की मौत हो जाने पर पुलिस जांच में जुटी हुई है .



नव विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

मायके पक्ष ने लगाया ससुराल वालों पर परेशान करने का आरोप

नवभारत,दमोह 22 दिसंबर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के गाड़ी खाना में रविवार देर रात एक नवविवाहिता ने रवि-सोम की रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. ससुराल वाले उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया. शव को जिला अस्पताल के शव ग्रह में रखवाया गया है. मृतका की मां ने ससुराल वालों पर परेशान करने के आरोप लगाए हैं, साथ ही दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है. पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जानकारी के अनुसार नया बाजार तीन गाड़ी खाना निवासी सुरभि ने रविवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घर के लोगों ने जैसे ही यह घटना देखी तत्काल ही उसे जिला अस्पताल लेकर आए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। महिला का 1 साल का बच्चा भी है जो अब अपनी मां को तलाश रहा है.

ससुराल वालों ने सूचित क्यों नहीं किया : शीला

मृतका की मां शीला ने कहा कि यदि बेटी ने फांसी लगाई है तो ससुराल वालों ने सूचित क्यों नहीं किया, पुलिस ने जानकारी दी है। पुलिस बेटी को लेकर अस्पताल नहीं पहुंची ससुराल वाले अस्पताल लेकर पहुंचे हैं. पता चला है कि उनकी बेटी को परेशान किया जा रहा था, तभी बेटी द्वारा इतना बड़ा कदम उठाया गया है. मायके पक्ष के आरोपों पर ससुराल वालों ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी. घटना का कारण अज्ञात है, कोतवाली पुलिस ने नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह ने सोमवार दोपहर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और मर्ग कायम कर परिजनों के बयानों के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है.

रथ यात्रा | **स्वदेशी एक अभियान नहीं एक विचार है जो जन-जन तक पहुंचे**

स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा का दमोह नगर आगमन

नवभारत,दमोह. कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स व स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वाधान में संपूर्ण भारतवर्ष में स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा जो कि मप्र सहित दमोह में भ्रमण नगर पालिका से स्टेशन चौक कचौरा घंटाघर आंबेडकर चौक मानस भवन प्रांगण पहुंची दमोह नगर में प्रवेश अगुवानी कैट टीम दमोह ने दमोह के वरिष्ठ नागरिक समाजसेवी हेमंत मलैया की उपस्थिति में की रथ का नगर भ्रमण कराया व मानस भवन प्रांगण में पहुंचकर सभा का आयोजन किया।

सभा में अतिथि विवेक शेंडे, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमति रंजिता गौरव पटेल, जनपद सदस्य श्रीमती संगीता श्रीधर, सामाजिक सद्भाव विभाग प्रमुख चंद्रभान पटेल ने प्रदेश मंत्री राकेश अग्रवाल ने अपने अपने स्वदेशी संकल्प और स्वदेशी पर अपने विचार रखे।कार्यक्रम की शुरुआत भारत मां के चित्र पर माल्यार्पण से हुई जिला अध्यक्ष प्रमोद बजाज ने स्वदेशी संकल्प रथ यात्रा के विषय में उद्बोधन किया।राकेश अग्रवाल ने कहा कि अपने दैनिक उपयोग में आने वाली वस्तुओं को ब्रांड में न फसकर स्वदेशी उत्पाद पर अपनी प्राथमिकता रहनी चाहिए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपील की कि जब भी बाजार जाए दुकानदार और उपभोक्ता वो स्वदेशी मांगे और दुकानदार भी स्वदेशी उत्पाद का विकल्प बताए।विवेक शेंडे ने कहा कि स्वदेशी एक अभियान नहीं एक विचार है जो जन जन तक पहुंचे। इस अवसर पर कैट के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र बजाज,कोषाध्यक्ष पदम इटोरिया, महामंत्री जुगल अग्रवाल, नरेंद्र जैन इंद्रश्री, विष्णु गुप्ता, लक्ष्मी अग्रवाल,कन्हैया करवानी, अनंत अग्रवाल, संगठन मंत्री मनोज आहूजा,नरेश खत्री, सुशील जैन,मनीष जैन,स्वदेशी जागरण मंच प्रांत सह महिला प्रमुख डॉ सोनल राय, बृजेंद्र राठौर विभाग संयोजक, डॉ मोनिका पालीवाल, उधम सिंह,ब्रजेश सेन ऋषु अग्रवाल,डॉ प्रिया श्रीवास्तव, कंचन असाटी,व सभा में केसी अग्रवाल सत्य प्रकाश असाटी,अनिल अग्रवाल, गरिमा त्रिपाठी, शैलेंद्र बुंदेला, आशीष जैन, सुधीर असाटी,जुगल अग्रवाल, अनिल खरे सहित बड़ी संख्या में स्वदेशी प्रेमी गणमान्य नागरिक समाजसेवी की गरिमामई उपस्थिति रही।

मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना अंतर्गत पशु स्वास्थ्य एवं बांझता निवारण शिविर आयोजित

नवभारत,हटा/दमोह। जिले के तहसील हटा अंतर्गत ग्राम बंधा में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन में पशुपालन विभाग द्वारा जिले के दूर-दराज क्षेत्र के ग्राम बंधा में पशु स्वास्थ्य परीक्षण एवं बाँझता निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपसंचालक पशुपालनविभाग की गरिमामयी उपस्थिति रही।शिविर का उद्देश्य पशुपालकों को आधुनिक पशुपालन तकनीकों की जानकारी देना तथा पशुओं में बाँझता की समस्या का समाधान कर दुग्ध उत्पादन में वृद्धि करना रहा। इसमें बड़ी संख्या में पशुपालकों ने भाग लेकर अपने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर के दौरान पशुपालकों को पशु स्वास्थ्य, संतुलित पोषण आहार,कृत्रिम गर्भाधान, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के उपाय व पशुपालन से आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही पशुओं के उपचार हेतु नि:शुल्क औषधियों का वितरण भी किया गया।अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों से पशुओं की उत्पादकता बढ़ेगी, पशुपालकों की आय में वृद्धि होगी तथा क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा।शिविर में उपसंचालक पशुपालन दमोह बी.के. आसाटी, आत्मानंद मिश्रा, शिक्षा लोधी, राशि आसाटी सहित विभागीय स्टाफकी उपस्थिति रही।